भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता का न्यायालय, सरायकेला।

अभिलेख सं0-टी0 ए0 मिस वाद सं0- 175B/2019-20

केस का प्रकार-(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा 46(i)b)

शम्भू चरण महतो ....आवेदक/विक्रेता

बनाम

निलम महतो.......................................क्रेता

दिनांक	पदाधिकारी का आदेश एवं हस्ताक्षर	अभ्युक्ति
06-03-2020		

विक्रेता :— शम्भू चरन महतो पिता स्व0 मधु महतो, ग्राम—गोपालपुर, थाना—खरसावाँ, जिला—सरायकेला—खरसावाँ(झारखण्ड), जाति—कुर्मी।

क्रेता :— निलम महतो पति लाल चाँद महतो, ग्राम—पाटाहेंसल, थाना—सरायकेला, जिला—सरायकेला—खरसावाँ(झारखण्ड) जाति—कुर्मी।

विक्रेता द्वारा दिनांक 21.12.2019 को आवेदन देकर छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा—46(i)b के तहत क्रेता निलम महतो पति लाल चाँद महतो, ग्राम—पाटाहेंसल, थाना—सरायकेला जिला—सरायकेला—खरसावाँ (झारखण्ड) को निम्नलिखित भूमि बिक्री करने हेतु अनुमति माँगी गयी है :—

:: भूमि का विवरण ::

मौज़ा	थाना /थाना नं0	खाता सं0	प्लॉट सं0	रकवा
सरायकेला वार्ड नं0—8	सऱायकेला/301	59	250/अं0	0.05एकड़

उक्त आवेदन के आलोक में अंचल अधिकारी, सरायकेला से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई। साथ ही साथ सर्वसाधारण को जानकारी हेतु आम ईस्तेहार निर्गत किया गया।

अंचल अधिकारी, सरायकेला का पत्रांक 176 दिनांक 12.02.2020 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त है(अभिलेख के साथ संलग्न)। जाँच प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि :—

1. प्रस्तावित भूमि बिक्रेता के स्वयं के नाम से पंजी—II में दर्ज है।
2. बिक्रेता अपने हिस्से की आंशिक भूमि को बिक्री करना चाहता है।
3. प्रस्तावित भूमि बिक्री करने के पश्चात् बिक्रेता के पास 3 एकड़ से अधिक भूमि शेष बचेगा।
4. बिक्रेता पारिवारिक खर्च हेतु भूमि बिक्री करना चाहता है।
5. बिक्रेता एवं क्रेता दोनों एक जिला एवं जाति—'कुर्मी' है, जो अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अन्तर्गत आते है।

लगातार...................2

Scanned with CamScanner

उपरोक्त प्रतिवेदन में अंचल अधिकारी, सरायकेला ने छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(i)b के तहत आवेदक को प्रस्तावित भूमि बिक्री करने की अनुमति देने की अनुशंसा किया है।

न्यायालय द्वारा दिनांक 21.12.2019 को निर्गत आम सूचना का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। आज तक किसी ने कोई आपत्ति दायर नहीं की है।

अतः अंचल अधिकारी, सरायकेला के अनुशंसा के आलोक में बिक्रेता शम्भू चरन महतो पिता स्व0 मधु महतो, ग्राम–गोपालपुर, थाना–खरसावाँ, जिला–सरायकेला–खरसावाँ (झारखण्ड) को क्रेता निलम महतो पति लाल चाँद महतो, ग्राम–पाटाहेंसल, थाना– सरायकेला, जिला–सरायकेला–खरसावाँ(झारखण्ड) को उभय पक्ष के निजी दायित्व पर ऊपर वर्णित रकवा–0.05ए0 भूमि बिक्री करने की अनुमति छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(i)b के तहत दी जाती है तथा आदेश दिया जाता है कि प्रस्तावित भूमि की बिक्री सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम में नहीं करेंगे।

06/03/2020

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सरायकेला।

लेखापित,

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सरायकेला।

Scanned with CamScanner